जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

13 जून, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया स्कूलों के एनसीसी कैडेटों ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

एनसीसी भवन, ग्रुप सी मुख्यालय, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली में एनसीसी कैडेटों के लिए दिनांक 27 मई, 2024 से 5 जून, 2024 तक आयोजित किए गए दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) में जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जेएसएसएस) एवं सैयद आबिद हुसैन स्कूल (एसएएचएस) के पांच जूनियर डिविजन (जेडी आर्मी विंग) एनसीसी कैडेटों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलों में प्रथम पुरस्कार जीता।

राष्ट्रीय राजधानी के 21 स्कूलों के कुल 431 कैडेटों ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। जामिया के एनसीसी अधिकारी डॉ. अताउर रहमान के मार्गदर्शन में जेएसएसएस और एसएएचएस, जेएमआई के जूनियर डिविजन (जेडी आर्मी विंग) के 16 कैडेटों ने इस शिविर में भाग लिया। जामिया के कैडेटों ने सभी सांस्कृतिक तथा खेल गतिविधियों में बड़े उत्साह से भाग लिया और 5 कैडेटों को निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए :

1. क्विज़ प्रतियोगिता

जेएसएसएस के कक्षा IX E के कासिम अली ने क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार (स्वर्ण पदक) और वॉलीबॉल में स्वर्ण पदक जीता ।

2. फायरिंग प्रतियोगिता

एसएएचएसएसएस के कक्षा XI कॉमर्स-बी के सुमैल अशरफ ने प्रथम पुरस्कार (स्वर्ण पदक) जीता ।

3. वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार स्वर्ण पदक

मुनासिम अली कक्षा: IX E, जेएसएसएस
कासिम अली कक्षा IX E, जेएसएसएस
अब्दुल बारी खान कक्षा: IX A, जेएसएसएस
जेएसएसएस, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद अरशद खान और डॉ. अताउर रहमान एनसीसी अधिकारी (जेडी आर्मी विंग) ने जामिया के कैडेटों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया